रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

डीईटी तिथियों में संशोधन
अंतिम तिथि 30 सितम्बर एवं प्रवेश परीक्षा 5 अक्टूबर को

जबलपुर 29 अगस्त। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विविध पाठ्यक्रमों में पीएच.डी. में प्रवेश के लिए डीईटी प्रवेश प्रक्रिया का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रवेश प्रक्रिया की तिथियों में संशोधन किया गया है। विवि की ओर से पूर्व में जारी डीईटी प्रवेश परीक्षाफार्म भरने की तिथि 30 अगस्त 2021 निर्धारित की गयी थी, जिसमें परिवर्तन किया गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार सत्र 2020–21 में डी ई टी प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को 30 अगस्त 2021 से बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी अब संशोधित अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2021 तक अपने डीईटी प्रवेश परीक्षा के फार्म जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार डीईटी प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की तिथि में भी परिवर्तन किया गया है अब नई संशोधित तिथि 05 अक्टूबर, 2021 को डीईटी प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन होगा।

रादुविवि जनसम्पर्क प्रकोष्ठ / क्रमांक / 1048 / 29.08.2021